लोक सभा अध्यक्ष ने पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, श्री पी. ए. संगमा के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 4 मार्च, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, श्री पी. ए. संगमा के निधन पर शोक व्यक्त किया।

श्रीमती महाजन ने अपने सन्देश में कहा : "मुझे श्री पी. ए. संगमा के निधन के बारे में जानकर बहुत दुःख हुआ है। श्री संगमा एक अनुभवी नेता थे और जन कल्याण के प्रति उनकी पूर्ण प्रतिबद्धता थी। श्री संगमा का लोकतांत्रिक मूल्यों में दृढ़ विश्वास था। पूर्वोत्तर क्षेत्र के कद्दावर नेता, संगमा जी ने राज्य और देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोक सभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सभा की प्रतिष्ठा और गरिमा को बनाए रखा । उनके निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। मैं शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूँ।"